पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

रक्षाबंधन पर वापसी हेतु रानी कमलापति-अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी में अतिरिक्त कोच

जबलपुर 9 अगस्त। रक्षाबंधन त्यौहार पर वापसी हेतु यात्रियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति–अधारताल–रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

यह सुविधा यात्रियों को दोनों दिशाओं में दो दिनों 10 एवं 11 अगस्त 2025 को उपलब्ध होगी, जिससे अधिक यात्रियों को इस पर्व के अवसर पर यात्रा करने का अवसर मिलेगा। इस अतिरिक्त कोच से सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी और सामान्य श्रेणी के यात्रियों को यात्रा में राहत मिलेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और यात्रा से पूर्व गाड़ियों की समय-सारिणी एवं ठहराव की जानकारी के लिए अधिकृत स्रोतों जैसे रेल मदद 139 या NTES ऐप का उपयोग कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/286/2025 दिनांक 09.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर